



KUMARI P. V. SINDHU

Kum. P. V. Sindhu is an Indian Badminton player. By winning the Gold Medal at the 2019 World Championships, she became the first Indian ever to become a world champion in Badminton. She has also won the Silver Medal in Badminton at the Rio Olympics 2016.

2. Born on 5th July, 1995, Kum. P. V. Sindhu received her Bachelor's in Commerce in 2015 and completed her Master's in Business Administration in 2019 from Osmania University. She received Honorary Doctorate in Literature from VELS (Deemed to be University) in 2014 and Honorary Doctorate in Letters from Banasthali Vidyapith (Deemed to be University for Women) in 2018. She worked with Bharat Petroleum Corporation Limited and later joined as Dy. Collector with the Government of Andhra Pradesh. She is presently working as OSD in the Protocol Department.

3. Kum. P. V. Sindhu has set numerous records for Badminton in India at the highest level. She became the most successful Indian female athlete at the Olympics by winning the Silver Medal at the Rio Olympics in 2016. She is also the first Indian to win a Gold Medal at the Badminton BWF World Tour Finals in 2018 and the Badminton World Championship 2019 in Basel. She is also the first and only Indian female athlete to win the Asian Games 2018 Silver Medal in Jakarta. She also won the Commonwealth Gold (Team) Medal and Silver (Individual) in 2018 and won the Bronze Medal in 2014. She holds the world record of winning two Bronze Medals, two Silver Medals and one Gold Medal at the Badminton World Championships. She won three BWF Super series titles and four runners up, one BWF World tour title and three runners up and six BWF Grand Prix titles and three runners up. NDTV Indian of the year in 2013, FICCI Breakthrough Sportsperson of the year in 2014, TOISA Sportsperson of the year in 2018 and Sports star of the Year at ACES 2020.

4. Kum. P. V. Sindhu has received various honours and awards including Arjuna Award in 2013, Padma Shri in 2015 and Rajiv Khel Ratna award in 2016 etc.





कुमारी पी. वी. सिंधु

कुमारी पी.वी. सिंधु एक भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। विश्व चैम्पियनशिप 2019 में स्वर्ण पदक जीतकर वह बैडमिंटन में विश्व चैम्पियन बनने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। उन्होंने रियो ओलंपिक 2016 में बैडमिंटन में रजत पदक भी जीता है।

2. कुमारी पी.वी. सिंधु का जन्म 5 जुलाई, 1995 को हुआ और उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय से 2015 में वाणिज्य में स्नातक और 2019 में व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर किया है। उन्हें वीईएलएस (डीम्ड विश्वविद्यालय) ने वर्ष 2014 में साहित्य में मानद डॉक्टरेट से और बनस्थली विद्यापीठ (महिलाओं के लिए डीम्ड विश्वविद्यालय) ने 2018 में लेटर्स में मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया। उन्होंने भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड में काम किया और फिर आंध्र प्रदेश सरकार में उप–कलक्टर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वह इस समय प्रोटोकॉल विभाग में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में काम कर रही हैं।

3. कुमारी पी.वी. सिंधु ने भारत में सर्वोच्च स्तर पर बैडमिंटन में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वह वर्ष 2016 में रियो ओलम्पिक में रजत पदक जीतकर ओलम्पिक में सबसे सफल भारतीय महिला एथलीट बनी। वह 2018 में बैडमिंटन वीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल और 2019 में बाज़ल में बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। वह एशियाई खेल 2018, जकार्ता में रजत पदक जीतकर एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला एथलीट हैं। उन्होंने 2018 में, राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक (टीम) और रजत पदक (व्यक्तिगत) तथा 2014 में कांस्य पदक भी जीता। उन्होंने बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप में दो कांस्य पदक, दो रजत पदक और एक स्वर्ण पदक जीतकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने तीन बीडब्ल्यूएफ सुपर सीरीज टाइटल जीते हैं और वह चार बार उप विजेता रही हैं, एक बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइटल जीता है और तीन बार उप विजेता रही हैं तथा उन्होंने छह बीडब्ल्यूएफ ग्रां प्री टाइटल जीते हैं और तीन बार उप विजेता रही हैं। उन्हें 2013 में एनडीटीवी इंडियन ऑफ द ईयर, 2014 में फिक्की ब्रेकथ्रू स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर, 2018 में टीओआईएसए पर्सन ऑफ द ईयर और एसीईएस 2020 में स्पोर्ट्स स्टार ऑफ द ईयर घोषित किया गया था।

4. कुमारी पी.वी. सिंधु को 2013 में अर्जुन पुरस्कार, 2015 में पद्मश्री और 2016 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार सहित विभिन्न सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।